बिहार सरकार

# नगर विकास एवं आवास विभाग

## प्रेस विज्ञप्ति

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/ विद्युत) के 463 स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित पी0आर0न0–013722 (Urban) 2019-20 को अपरिहार्य कारणों से रद्द करते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत स्वीकृत/रिक्त कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) के पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–2401 दिनांक–18.07.2007 के आलोक में 442 पदों के विरूद्ध संविदा पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

3. (i) कनीय अभियंता (असैनिक) – 358 पद
(ii) कनीय अभियंता (यांत्रिक) – 42 पद
(iii) कनीय अभियंता (विद्युत) – 42 पद

**कोटिवार रिक्तियाँ**

| पदनाम | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनुसूचित जाति | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जन जाति | पिछड़े वर्ग की महिला | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कनीय अभियंता (असैनिक) | 144 | 36 | 57 | 64 | 43 | 03 | 11 | 358 |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 16 | 04 | 07 | 08 | 05 | 01 | 01 | 42 |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 16 | 04 | 07 | 08 | 05 | 01 | 01 | 42 |

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या–2342 दिनांक–15.02.16 के आलोक में महिलाओं को 35% क्षैतिज आरक्षण एवं परिपत्र संख्या–2526 दिनांक–18.02.16 के आलोक में बिहार राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/नतिनी (जिला पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र) को 2% क्षैतिज आरक्षण तथा 40% एवं उससे अधिक निःशक्त अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण नियमानुसार देय होगा।

4. **आरक्षण** :– राज्य सरकार के आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा। इसमें आदर्श रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा। कुल रिक्त पदों का आरक्षण कोटिवार 40 प्रतिशत पद राज्य सरकार के अधीन सरकारी पोलिटेक्निक संस्थानों से डिप्लोमाधारी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रहेगी।

5. **मानदेय एवं अन्य शर्त्त** :– मानदेय 27000/– रूपया प्रति माह एवं नियमानुसार समय–समय पर वर्द्धित दर पर भुगतेय होगा।

6. **शैक्षणिक योग्यता/अहर्त्ताएँ** :–अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त संस्थानों के असैनिक/यांत्रिक/विद्युत् अभियंत्रण के डिप्लोमाधारी जिन्हें संबंधित तकनीकी शिक्षा पर्षद/विश्वविद्यालय के द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति प्राप्त हो, अथवा

(ख) UGC Act के प्रावधानों के अधीन स्थापित DEEMED University द्वारा Non-Distance Mode में (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) अभियंत्रण में प्रदत्त डिप्लोमा बशर्ते कि उक्त DEEMED University को (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) अभियंत्रण में डिप्लोमा पाठ्क्रम संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति प्राप्त हो। साथ ही वर्ष 2018–19 से AICTE, नई दिल्ली का मान्यता प्राप्त हो।

7. **चयन की प्रक्रिया** :– डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता में प्राप्त प्रतिशत प्राप्तांक के आधार पर।

8. **उम्र सीमा** :– दिनांक 01.01.2020 को अभ्यर्थी की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु– (1) अनारक्षित (पुरूष)–37 वर्ष। (2) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)–40 वर्ष

(3) अनारक्षित (महिला)–40 वर्ष। (4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)–42 वर्ष।

9. **नियोजन की अवधि** :– संविदा के आधार पर नियोजन की अवधि नियोजन की तिथि से अधिकतम एक वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक (दोनों में जो पहले हो) की होगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने तथा आवश्यकता होने पर एक–एक वर्ष करके संविदा अवधि को अगले आदेश तक बढ़ाया जा सकेगा।

10. विज्ञापन एवं शर्त्तों से संबंधित सभी अधिकार विभाग के अधीन है। विभाग Empanelment की प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द करने का सर्वाधिकार धारित करता है।

11. विभागीय पोर्टल पर दिनांक–19.11.2020 से 07.12.2020 के अपराह्न 04:00 बजे तक Online आवेदन पत्र (अनुलग्नक सहित) Upload किया जा सकेगा।

12. विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट http://state.bihar.gov.in/urban देखा जा सकता है।

13 **Online आवेदन भरने की प्रक्रिया निम्नरूपेण होगी:–**

13.1 Online आवेदन भरने हेतु लिंक विभागीय वेबसाईट http://state.bihar. gov.in/urban पर उपलब्ध है। उपलब्ध कराये गए लिंक पर क्लिक करने के पश्चात् Online recruitment पोर्टल open हो जायेगा। तत्पश्चात् अभ्यर्थी "Click here to Apply Online" लिंक पर क्लिक करेंगे।

13.2 Online आवेदन भरने हेतु सर्वप्रथम पोर्टल पर अभ्यर्थी का registration किया जाना अनिवार्य है; इस हेतु अभ्यर्थी पोर्टल के login page पर उपलब्ध "New Registration" लिंक पर क्लिक करेंगे।

13.3 रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् अभ्यर्थी के मोबाईल एवं ई–मेल पर रजिस्ट्रेशन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। इस आई0डी0 एवं पासवर्ड का इस्तेमाल कर अभ्यर्थी पोर्टल पर लॉगिन (login) करेंगे।

13.4 पोर्टल पर लॉगिन (login) करने के पश्चात् अभ्यर्थी द्वारा यथा वांछित पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार Document Upload करने की कार्रवाई की जा सकेगी।

13.5 पोर्टल पर अपलोड करने हेतु Photo का साईज 50 KB से कम होना चाहिए, इसके लिए अभ्यर्थी रंगीन Photo को JPG फॉर्मेट में 200x230 pixels में Save कर लेंगे।

13.6 पोर्टल पर अपलोड करने हेतु Signature का साईज 20 KB से कम होना चाहिए, इसके लिए अभ्यर्थी Signature को JPG फॉर्मेट में 140x60 pixels में Save कर लेंगे।

12.7 प्रत्येक Scanned documents का Size 400 KB से कम होना चाहिए है, इसके लिए अभ्यर्थी documents को black & white mode में अधिकतम 300 dpi पर pdf फॉर्मेट में Scan कर Save कर लेंगे।

13.8 Application Form को भरने के दौरान form को Draft के रूप में Save करने के लिए Save button का इस्तेमाल किया जा सकता है।

13.9 Online आवेदन को Final Submit करने से पहले अभ्यर्थी आश्वस्त हो लेंगे कि उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में सभी अपेक्षित सूचनाओं को दर्ज कर दिया गया है एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर दिया गया है। एक बार Application Form को Final submit करने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में Application Form में सुधार/Edit का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

13.10 आवेदन भरने के दौरान यदि कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो अभ्यर्थी login page पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से Online request कर सकता है।

13.11 आवेदन के Final Submission के पश्चात Application ID generate होगा जो आवेदन के उपर अंकित होगा। केवल Finally Submitted आवेदन ही स्वीकार किये जाएँगे।

13.12 अभ्यर्थी आवेदन के Final Submission के पश्चात् उसकी एक प्रति प्रिंटकर भविष्य के लिए रख लेंगे।

13.13 आवेदन के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा।

(राम सेवक प्रसाद)
सरकार के अवर सचिव

PR No. 8428(Urban) 2020-21

नोवल कोरोना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग हेतु 24X7 Toll Free No.: 104 पर संपर्क कर सकते हैं।
किसी भी तरह आपदा की जानकारी अथवा सुझाव हेतु आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नं. 1070 पर सम्पर्क किया जा सकता है।